# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 6 महाकवि कालिदास (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
सोचिए और बताइए-.
**प्रश्न (क)** महाकवि कालिदास की पत्नी का क्या नाम था?
**उत्तर :**
महाकवि कालिदास की पत्नी का नाम विद्योत्तमा था।

**प्रश्न (ख)** महाकवि कालिदास को कवित्व शक्ति कैसे प्राप्त हुई?
**उत्तर :**
पत्नी की प्रणा से महाकवि कालिदास ने माँ काली की उपासना की जिससे उन्हें कवित्व शक्ति प्राप्त हुई।

**प्रश्न (ग)** महाकवि कालिदास की रचनाओं के नाम बताइए।
**उत्तर :**
महाकवि कालिदास की रचनाएँ निम्न हैं

- महाकाव्य- रघुवंश, कुमारसम्भव
- नाटक- अभिज्ञानशाकुन्तलम्, विक्रमोर्वशीयम्, मालविकाग्निमित्र
- गीतकाव्य- ऋतुसंहार, मेघदूत

**प्रश्न (घ)** महाकवि कालिदास की किस रचना को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त है और क्यों?
**उत्तर :**
अभिज्ञानशाकुन्तलम् को विश्व का सर्वश्रेष्ठ नाटक माना जाता है।

**प्रश्न (च)** कालिदास द्वारा वर्णित शकुन्तला की विदाई के समय महर्षि कण्व का उपदेश क्या था?
**उत्तर :**
शकुन्तला की विदाई के समय कण्व के निम्न उपदेश थे

- अपने गुरुजनों की सेवा करना।
- क्रोध के आवेश में प्रतिकूल आचरण न करना।
- अपने ऐश्वर्य पर अभिमान न करना।
- इस प्रकार आचरण करने वाली स्त्रियाँ गृहलक्ष्मी के पद को प्राप्त करती हैं।

**प्रश्न 2.**
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ( पूर्ति करके)
**(क) अभिज्ञानशाकुन्तलम्** को विश्व का सर्वश्रेष्ठ नाटक माना जाता है।

https://www.evidyarthi.in/

**(ख)** महाकवि कालिदास ने **रघुवंशम्** और **कुमारसम्भवम्** महाकाव्यों की रचना की।
**(ग)** महाकवि कालिदास को **प्रकृति** से घनिष्ठ सम्बन्ध था।
**(घ)** महाकवि कालिदास को भारत का **शेक्सपियर** कहा जाता है।

**प्रश्न 3.**
सही **(✓)** और गलत **(✗)** का निशान लगाइए (सही-गलत का निशान लगाकर)
**(क)** 'अस्ति' से मेघदूत के प्रथम श्लोक की रचना की गई हैं। **(✗)**
**(ख)** कालिदास को भारत का शेक्सपियर कहा जाता है। **(✓)**
**(ग)** अभिज्ञानशाकुन्तलम् विश्व का सर्वश्रेष्ठ नाटक है। **(✓)**
**(घ)** महाकवि कालिदास हिन्दी के महाकवि थे। **(✗)**

https://www.evidyarthi.in/